हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

04 करबला के पास बनेगा दो मंजिला फायर स्टेशन...



07 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्षः त्याग...





## खबर संक्षेप

### किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस देगी ज्ञापन

**माखन नगर ।** बुधवार दोपहर 1 बजे किसान कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार तहसील माखन नगर में। कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षराजेंद्र मुराड़िया ने बताया किसानों की समस्याओं जैसे खाद बिजली एवं अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए एवं अन्य समस्याओं की निराकरण के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय एवं, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष, एवं, किसान नेता पुष्प राज पटेल की उपस्थिति में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता ज्ञापन सोंपेगे।

### नर्मदा कॉलेज में युवा उत्सव की हुई बैठक

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में युवा उत्सव की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं के विषय सुनिश्चित कर उन्हें जिले के महाविद्यालयों में वितरित करना रहा। बैठक में जिले भर के विभिन्न कालेजों के युवा उत्सव प्रभारियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता कर रहे नर्मदा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ कमल वाधवा ने जानकारी दी। बैठक में व्यख्याता मौजूद रहे।

### सफाई व्यवस्था को लेकर नाखुश वार्डवासी, कचरे के ढेर और मवेशी बने परेशानी

# नपा की बदहाल साफ-सफाई व्यवस्था से संकटग्रस्त हो रहा नंबर 1 आने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

*"वर्षों से जाम नालियां, सड़क किनारे कचरे के लगे ढेर, शहर के मुख्य चौराहों पर पसरी गंदगी, जहां तहां घूमते आवारा मवेशी, कचरा निष्पादन के लिए समस्या"*

यहा कोई शिकायत नहीं बल्कि शहर की नगर पालिका की कार्यप्रणाली है जो लगातार चली आ रही है। शहर के कई ऐंसे वार्ड है जहां लोगों को साफ पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है तो कहीं वर्षों से नालियां चौक पड़ी हुई है उनके ऊपर से पानी बह कर निकल रहा है।

शहर की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था नगर पालिका की कार्यप्रणाली को दर्शाती है। अनेक वार्ड वासियों ने शिकायत की कि उनके वार्डों में सफाई एकत्रित करने वाहन ही नहीं आ रहे हैं तो कई लोगों ने सफाई न होने की शिकायत की।

नगर पालिका की सफाई व्यवस्था इन दिनों चरमरा गई है। कहीं कचरे के ढेर तो कहीं नालियां चौक होना नागरिकों की समस्या बनी हुई हैं।



#### नालियों पर अतिक्रमण, नपा की अनदेखी

पिछले दिनों नगर पालिका ने एक बड़े इलाके से नालियों पर से अतिक्रमण हटाया था जिसमें कई वर्षों का जमा कचरा बाहर निकला। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि वर्षों पहले बनाई गई नालियों की सफाई क्यों नहीं की जाती है। साथ ही नपा की अनदेखी के चलते आसपास के लोग नालियों पर अतिक्रमण कर उसे चौक कर देते हैं। ऐंसा ही मामला शहर के मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित आजाद चौक का है जहां अतिक्रमण के कारण नाली गायब हो गई है और ऊपर से पानी बह रहा है।

#### नपा की साफ- सफाई व्यवस्था दोयम दर्जे की

नगर पालिका कितना भी यह कह ले लेकिन शहर की सफाई व्यवस्था निम्न स्तर की है। जहां हर जगह गंदगी और कचरे के ढेर है वहीं शहर की कई नालियां चौक पड़ी हुई हैं। वार्डवासियों को सड़क के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच रहा है।

#### हो बदलाव...

वार्ड वासियों का कहना है कि इन दिनों नपा के हालत देखकर उच्च स्तर पर बदलाव किये जाने चाहिए क्योंकि उच्च स्तर पर नेतृत्व क्षमता और मार्गदर्शन की कमी दिखाई देती है। दूसरी ओर भाजपा की नपाध्यक्ष द्वारा भी पक्षपात कर मात्र भाजपा पार्षद के वार्डों में ध्यान दिया जा रहा है शेष वार्डों में कोई व्यवस्था नहीं है।

#### आवारा मवेशी बने परेशानी

नपा हाका दल द्वारा यदा कदा ही मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई की जाती है जो नाकाफी है। हर चौक चौराहे पर आवारा मवेशियों का झुंड खड़ा दिखाई दे जाता है। जिस पर नपा का कोई ध्यान नहीं है। वहीं दूसरी ओर नपा द्वारा इन मवेशियों को हाइवे के पास छोड़ दिया जाता है जिससे वे रोड पर विचरण करते हैं और दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। नगर वासी बताते हैं कि मवेशी अक्सर उन स्थानों पर इकट्ठा होते हैं जहां कचरे का ढेर लगा होता है और नगर में चौक चौराहों पर भी कचरे के ढेर आसानी से मिल जाएंगे।

## 2 माह में 3 हजार वाहनों पर विभाग की चालानी कार्रवाई

### चलाया गया विशेष सड़क सुरक्षा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार में जिले में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु अगस्त माह से विशेष सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई की जा रही है। विगत दो माह में अब तक 3000 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई है। परिवहन विभाग द्वारा अगस्त से 30 सितंबर तक की गई कार्रवाई के तहत कुल 629 चालान बनाकर 16 लाख 63 हजार 600 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिना परमिट वाहन संचालन करने पर 15 चालान बनाकर 1 लाख 58 हजार रुपए, बिना फिटनेस के 18 वाहनों पर 72 हजार रुपए, बिना बीमा के 6 वाहनों पर 24 हजार रुपए, बिना पीयूसी के 9 वाहनों पर 37 हजार रुपए, 39 ओवरलोड वाहनों पर 3 लाख 39 हजार रुपए, निर्धारित सवारी से अधिक सवारी बिठाने पर 11 चालानों में 21 हजार रुपए, एचएसआरपी एवं अनियमित नंबर प्लेट वाले 28 वाहनों पर 14 हजार रुपए तथा अन्य यातायात अपराधों में 503 चालान बनाकर 9 लाख 98 हजार 600 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। इसी प्रकार परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही के अंतर्गत अब तक कुल 2962 मामलों में 8 लाख 88 हजार 600 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत नागरिकों में हेलमेट उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु 256 निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए तथा जिले में पेट्रोल पंप, पुलिस एवं सीआरपीएफ कैंटीन सहित अन्य दुकानों से कुल 2486 हेलमेट का विक्रय भी दर्ज किया गया।

कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन जनसहभागिता से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनें और अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि रखें।

## जिले में अब तक हुई 1423.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक को प्रातः8 बजे तक जिले में 1423.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1260.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 05,अक्टूबर से 06,अक्टूबर,2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 24.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 11.0 मिलीमीटर, इटारसी 3.0 मिलीमीटर,माखननगर में 2.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 12.0 मिलीमीटर,पिपरिया में 53.2 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 2.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 4.2 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.90 फीट है, तवा जलाशय का 1166.40 फीट है, बरगी जलाशय का 422.80 मीटर एवं बारना जलाशय 348.44 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है।

## भारतीय ज्ञान परंपराः शासकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का 8 से होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वर्तमान सत्र 2025 -26 हेतु महाविद्यालय स्तर पर युवा उत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं 8 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने बताया कि इस वर्ष की थीम ₹भारतीय ज्ञान परंपरा ₹पर आधारित रहेगी, युवा उत्सव हेतु महाविद्यालय के अनेक छात्र ,छात्राओं ने अपना पंजीयन कर लिया है, 8 अक्टूबर को भाषण, वाद विवाद ,रंगोली आदि प्रतियोगिताओं से युवा उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।

महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजकुमार पटवा ने बताया कि इन तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में लगभग 22 प्रतियोगिताएं संचालित की जावेगी जिसमें प्रथम स्थान पर आए विद्यार्थियों को जिला स्तर पर आयोजित अंतर





महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने का अवसर मिलेगा और महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आने वाले माह में होने वाले पुरस्कार वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया जाएगा।

## सांसद खेल महोत्सवः अब खेल मंत्री विश्वास का आश्वासन, पिपरिया को मिलेगा खेल मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

केंद्र सरकार प्रदेश सरकार के द्वारा खेल में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सांसद खेल महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में कृषि उपज मंडी परिसर में सांसद खेल महोत्सव का 10 दिवसीय आयोजन किया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलोंमें पढ़ने वाले बच्चों को शामिल किया गया है। पहले दिवस में लोकनिर्माण एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान देखा तथा पाया गया कि लोगों को कोई सुविधा नहीं दी गई। साथ ही उचित बैठक का आयोजन नहीं किया गया। दुसरे दिन के कार्य में खेल युवा कल्याण विभाग में मंत्री विश्वास सारंग को मुख्य अतिथि बनाया गया था। लेकिन कार्यकर्ताओं को दर किनार कर सरकारी स्कूलोंमें में पढ़ने वाले बच्चों से भीड़ बढ़ाई गई थी।

वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन पानी के टेंकर लगवाए गए जो ग्रामपंचायत से बुलाएं थे। जो वर्षों से साफ नहीं किया गया था। कुल 25 सरकारी एवं निजी स्टाल लगे थे। अव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को सुबह 8बजे बुलाया गया था। अतिथि 12 बजे पहुंचे। इससे स्पष्ट होता है कि शासकीय मशीनरी का सुदपयोग नहीं किया गया। जबकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 25लाख रुपए खर्च करने के लिए





### तीसरी बार फिर मिला आश्वासन, बनेगा खेल मैदान

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में खेल स्टेडियम नहीं है। जिसकी मांग वर्ष 2023 में खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया से की गई थी। तब उनके द्वारा भी घोषणा की थी। फिर शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से भी मांग की थी। तब उनके द्वारा भी घोषणा कर दी गई थी। अब 2025 में भी यही मांग सांसद दर्शन सिंह ने खेल मंत्री से की तो खेल मंत्री विश्वास सारंग ने भी कर दी है। लेकिन अभी तक जगह चिन्हित नहीं की गई है।

स्वीकृत किए गए हैं। सांसद ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर संपूर्णदेशमे फिट इंडिया अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए खेल महोत्सव के आयोजन हर लोकसभा में किए जा रहे हैं। खेल के दौरान भी विधायक गुट सांसद गुट अलग अलग नजर आ रहे थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा विशेष अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल अर्जुन लाल पलिया एवं लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष विजय पाल विधायक सोहागपुर सहित अन्य शामिल हुए। नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी माधव दासअग्रवाल सविताराज पार्षदमुकेश खटीक नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी अरविंद राय पवन वालिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष जनपद पंचायत के सदस्य नगर पालिका परिषद के पार्षद शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी सांदीपनि विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे शासकीय कन्या उमावि के प्राचार्य अरविंद रघुवंशी विनय मोहन शर्मा प्राचार्य साडियां बीआरसी प्रदीप शर्मा खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरबिया अरविंद शर्मा सचिन पुरवइया तहसीलदार वैभव बैरागी एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह पुलिस अधिकारी तैनात रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आभार जिला अध्यक्ष प्रीती शुक्ला ने किया।

## 17 तक लिए जाएंगे दावे और आपत्ति के आवेदन नगरीय और पंचायत नामावली में जुड़ेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अगस्त में जारी किए गए नगरीय एवं पंचायत के मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य 8 अक्टूबर 2025 को प्रकाशन के साथ प्रारंभ हो रहा है जो 17 अक्टूबर 2025 दोपहर 3:00 बजे तक नियत अवधि में प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा दावे आपत्ति आवेदन प्राप्त कर किया जावेगा।

निर्देशों के पालन में पंचायत के प्राधिकृत कर्मचारी के दावे आपत्ति आवेदन एवं प्रकाशन कार्य का प्रशिक्षण शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में आयोजित किया गया जिसमें जनपद माखन नगर अंतर्गत 64 ग्राम पंचायत के 64 प्राधिकृत



कर्मचारी तथा उनके 7 सुपरवाइजर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया इसी प्रकार नगर परिषद माखन नगर क्षेत्र अंतर्गत 15 वार्डों में नियुक्त किए गए 15 प्राधिकृत कर्मचारियों और उनके 3 सुपरवाइजर द्वारा नगर परिषद सभा कक्ष माखन नगर में प्राप्त किया गया महेंद्र चौहान तहसीलदार अंकित मौर्य नायब तहसीलदार और जीएस राजपूत सीएमओ नगर परिषद की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर रमन गोस्वामी राजेश कुमार मालवीय और समदर्शी सोनी द्वारा प्रकाशन और दावे आपत्ति आवेदन ई आर 1 ई आर 2 और ई आर 3 प्रविष्टि के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षण दिया गया तहसीलदार द्वारा निर्देशित किया गया कि यह नामावली का कार्य नियत अवधि में तथा निष्पक्षता और तत्परता से प्राधिकृत कर्मचारी अपने-अपने विहित स्थलों पर उपस्थित होकर करेंगे।

## शरद पूर्णिमा पर हनुमान मंदिर में किया अखंड रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में क्षेत्र में विविध धार्मिक आयोजन किये गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को पुरानी तहसील स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित विनीत शर्मा के सानिध्य तथा मार्गदर्शन में अखंड रामायण का आयोजन शुरू किया गया है। पंडित शर्मा ने बताया कि संकट मोचन हनुमान मंदिर पुरानी तहसील में पर्व के अवसर पर खीर प्रसाद वितरण होगा। आयोजन तहसील पटवारी संघ द्वारा किया गया है।

## मौका मिला है समाज के लिए बेहतर कार्य करूंगाः पारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अभा नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन अगले माह होने जा रहा है। महासभा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी न्यायाधीश अनिल पारे नार्मदीय ब्राह्मण समाज की इटारसी इकाई से मिलने के लिए यहां पहुंचे थे। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लकड़गंज इटारसी में अनिल पारे का स्वागत इकाई के अध्यक्ष मोहन पगारे एवं अन्य सामाजिक बंधुओ ने किया। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल पारे ने विस्तार से सामाजिक बन्धुओ और बहनों के समक्ष अपना संकल्प पत्र रखा और विश्वास दिलाया कि समाज यदि उन्हें निर्वाचित करता है तब वह निश्चित रूप से समाज के विकास के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर इकाई के उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, सचिव प्रमोद पगारे ने भी संबोधित किया।

### पग-पग पर शिक्षा दे रहा कामती पीएम श्री शासकीय विद्यालय

# सीढ़ियों पर लिखे अंग्रेजी के वाक्यांश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

केंद्र तथा राज्य सरकार के समन्वय के चलते कई सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को पीएम श्री विद्यालय का दर्जा मिल गया है। नई व्यवस्था के तहत इनमें बाल सुलभ सुधार जारी हैं। ब्लॉक सोहागपुर के कामती पीएम श्री विद्यालय में भी छात्र-छात्राओं के लिए बहुत सुधार हुए हैं। पीएम श्री विद्यालय कामती के प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यालय को नया दर्जा मिलने के बाद से इसके भवन में सुधार तो हुए ही हैं।

इसके साथ ही दीवारों पर रंग रोगन करते हुए सुविचार लिखवाए जा रहे हैं। ताकि प्रतिदिन बच्चे इनको पढ़ें एवं उनके व्यवहार में सुविचारों के आधार पर सुधार भी हो। साथ ही बच्चों का मानसिक विकास भी हो।





विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी काकोड़िया ने बताया कि नियमित रूप से बच्चे भवन तथा कक्षाओं की दीवारों पर लिखे सुविचारों को पढ़ते हैं तथा उनका स्मरण करते हैं। इससे उन्हें भी बहुत लाभ प्राप्त हो रहे हैं। स्कूल शिक्षक जगदीश कसेरा व अतिथि शिक्षक तुलाराम अहिरवार ने बताया कि जब कभी बच्चों के अभिभावक स्कूल आते हैं तो उन्हें भी यह व्यवस्था बहुत ही अच्छी लगती है। अभिभावकों ने सरकार की इस व्यवस्था की प्रशंसा की है।

#### पग पग पर सिखा रहे हैं अंग्रेजी

स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल भवन की सीढ़ियों पर अंग्रेजी के छोटे-छोटे वाक्यांश लिखे गए हैं। ये वे वाक्यांश हैं जो बच्चे नियमित रूप से पढ़ते हैं। तथा उनका क्रमिक अभ्यास भी होता है। इससे स्कूली विद्यार्थी अंग्रेजी बोलना भी सीख रहे हैं। ये सभी वाक्यांश आम बोलचाल में उपयोग में लाए जाते हैं, जिनका उपयोग करना बच्चे सीढ़ियां चढ़ते समय सीख रहे हैं। प्राचार्य लक्ष्मी काकोड़यि ने बताया कि समस्त पीएम श्री विद्यालयों में इसी तरह की व्यवस्था बनाई गई है। ताकि स्कूली वातावरण से भी बच्चे बहुत ज्ञान प्राप्त कर सकें।

## मुस्कान संस्था में मातृशक्ति ने बच्चों संग मनाई शरद पूर्णिमा





हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कोजागिरी (शरद) पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुस्कान संस्था में हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर दृष्टि नारी संगठन की अध्यक्ष रीना डोंगरे डोईफोडे एवं उनके महिला मंडल ने संस्था के बच्चों के साथ मिलकर खीर का प्रसाद, फलहार एवं कपड़ों का वितरण किया। मुस्कान संस्था के संस्थापक और सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने दृष्टि नारी संगठन की समर्पित टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का यह स्नेह और संवेदनशीलता समाज में करुणा और सेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान संगठन की सचिव रीतु शेजवाल यादव, कोषाध्यक्ष अंकिता चौबे, उपाध्यक्ष रचना पटेल, वरिष्ठ सदस्य मौरे आई, मंजू तायडे, कविता तायडे सहित कई महिलाए उपस्थित रहीं।

## नपा को जिला प्रशासन से मिलेगी जमीन, मंजूरी मिलते ही शुरू होगा काम

# करबला के पास बनेगा दो मंजिला फायर स्टेशन ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल में जल्द ही महानगरों की तर्ज पर फायर स्टेशन, ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने नगरपालिका को करीब 4 एकड़ जमीन आवंटित की कार्यवाही शुरू कर दी है। यह जमीन करबला के पास स्थित है, जहां इनका निर्माण होगा। इसके लिए 15वें वित्त आयोग से करीब 2 करोड़ रुपए का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि फिलहाल बैतूल नगर पालिका के पास दो बड़ी और एक छोटी फायर ब्रिगेड हैं। जगह की कमी के कारण इन्हें नगरपालिका परिसर में ही खड़ा करना पड़ता है। यहां तक कि कर्मचारियों के लिए अलग से कोई कमरे की सुविधा भी नपा के पास उपलब्ध नहीं है। मुख्य गेट के पास एक अस्थायी जगह पर ही फायर कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी निभाते हैं और जैसे ही इमरजेंसी कॉल आता है, फायर ब्रिगेड मौके पर रवाना हो जाती है। यह स्थिति वर्षो से बनी हुई है और कर्मचारियों ने कई बार अलग फायर स्टेशन की मांग भी उठाई थी।

### दो मंजिला बनेगा स्टेशन भवन

जिला प्रशासन द्वारा आवंटित जमीन पर बनने वाले फायर स्टेशन पर दो मंजिला भवन होगा, जहां कार्यालय, कंट्रोल रूम और फायर कर्मियों के लिए आवास की भी व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा फायर वाहनों के लिए हाईटेंट, पानी की आपूर्ति की विशेष व्यवस्था तथा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म 70 मीटर की ऊंचाई तक आग बुझाने में सक्षम होगा। इतना ही नहीं, फायर फाइटर्स को आधुनिक उपकरणों से लैस करने और उनके प्रशिक्षण की भी योजना है। उद्देश्य यह है कि किसी भी तरह की आगजनी की घटना पर तत्काल काबू पाया जा सके। नगर पालिका के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश भर के निकायों में फायर स्टेशन बनने वाले हैं। जिसकी ड्राइंग और डिजाइन एक जैसी होगी और शासन द्वारा अलग से इसका बजट आवंटित किया गया है।




### फायर स्टेशन नहीं, नपा में खड़े रहते हैं वाहन

शहर की सुरक्षा से जुड़ा सबसे अहम फायर सर्विस अभी वर्षों बाद भी बदहाल व्यवस्था में काम कर रहा है। न कर्मचारियों के लिए जगह, न ही फायर ब्रिगेड के लिए समुचित स्टेशन, ना ही प्रशिक्षित कर्मचारी , लेकिन अब हालात बदलने वाले हैं। फायर स्टेशन के लिए जमीन आवंटन और राशि स्वीकृति होने के बाद अब करबला के पास नया फायर स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। जो आधुनिकतम व्यवस्थाओ से लैस होने के साथ-साथ यहां कर्मचारियों के लिए आवास की भी व्यवस्था रहेगी। जिला प्रशासन का कहना है कि करबला रोड पर फायर स्टेशन, ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटन की कागजी कार्रवाई अंतिम चरण में है। इसके पूरा होते ही योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। नगरीय प्रशासन आयुक्त भोपाल द्वारा सभी नगर पालिकाओं को जमीन संबंधी जानकारी जल्द ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रक्रिया में देरी न हो।

### ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिलेगा लाभ

फायर स्टेशन बनने से न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। शहर के बीचों बीच स्थित होने से आग लगने की घटनाओं पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सकेगा। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी फायर वाहन शहर के बाहर बने स्टेशन से सुगमता से निकलकर मौके तक पहुंच सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और नुकसान कम किया जा सकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि बैतूल जैसे शहर में जहां लगातार शहरीकरण बढ़ रहा है, वहां आधुनिक फायर स्टेशन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नए फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की संख्या भी बढ़ेगी और बैतूल नगर पालिका क्षेत्र के लिए चार से पांच गाड़ियां हमेशा उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही हर स्टेशन पर एक फायर ऑफिसर और एक फायर सेफ्टी अधिकारी की नियुक्ति भी होगी।

### आवेदन दे चुके हैं

फायर स्टेशन, ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड इन तीनों के लिए हमारे द्वारा जमीन आवंटन हेतु जिला प्रशासन को आवेदन दिया जा चुका है। करबला के पास जिला प्रशासन द्वारा जमीन चिन्हित की गई है, जो जल्द ही आवंटित हो जाएगी। नगरीय प्रशासन आयुक्त कार्यालय भोपाल से मंजूरी मिलने के बाद इन तीनों परियोजनाओं पर काम शुरू करवाया जाएगा।

**- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल**

## किडनी संक्रमण से प्रभावित बच्चों के इलाज का खर्चा सरकार उठाएगी: मुख्यमंत्री

### नागपुर के अस्पताल में हो रहा बच्चों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किडनी संक्रमित बच्चों के उपचार के लिए संपूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। छिंदवाड़ा जिले के 7 और बैतूल जिले के 1 बच्चों का उपचार नागपुर के चिकित्सा संस्थानों में हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किडनी संक्रमण से प्रभावित बच्चों का अच्छे से अच्छा उपचार हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। नागपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज सहित एम्स अस्पताल,कलर्स हॉस्पिटल, न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल और गेटवेल हॉस्पिटल में बच्चों का इलाज जारी है। कलेक्टर छिंदवाड़ा और बैतूल द्वारा बच्चों के परिवारों से सतत संपर्क रखते हुए आवश्यक सहायता दी जा रही है। भोपाल से भी बच्चों के उपचार और स्वास्थ्य लाभ की नियमित जानकारी प्राप्त की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 9 बच्चों के उपचार के लिए संपूर्ण राशि प्रभावित परिवारों को राशि उपलब्ध करवाने को कहा है।

### सहायता के लिए दल गठित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर कलेक्टर छिंदवाड़ा ने नागपुर में उपचार करवा रहे बच्चों की सहायता के लिए तीन दल गठित किए हैं। इन दलों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट सहित एक विशेषज्ञ चिकित्सक को दायित्व दिया गया है। इन दलों द्वारा प्रभावित परिवारों से सतत संपर्क किया जा रहा है जिससे उपचार में किसी तरह की कोई समस्या न हो।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का सारनी में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी।

सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा एवं प्रदेश सचिव व आमला-सारनी विधानसभा प्रभारी समीर ख़ान के छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान सारनी में आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सारनी जयस्तंभ चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारनी के अध्यक्ष किशोर चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाएं पहनाकर कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ कांग्रेस जन, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारनी, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एवं एन.एस.यू.आई. के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष पटवारी का अभिनंदन करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ जयकारे लगाए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

## स्व. रविंद्र देशमुख की प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी।

क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन, सारणी के तत्वावधान में आज स्व. रविंद्र देशमुख की प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शिवाजी प्रांगण सारणी में संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर के सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, माताएं-बहनें तथा युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय रविंद्र देशमुखजी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। परिवारजनों ने श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का संचालन क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष यादोराव धोटे द्वारा किया गया।

### नगर के विभिन्न संगठनों की उपस्थिति

इस श्रद्धांजलि सभा में पाथाखेड़ा संगठन, शोभापुर एवं बगडोना संगठन के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता निभाई। सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी, पाल समाज के अध्यक्ष सोमलाल पाल, बौद्ध विहार समिति के अध्यक्ष बलवंत पाटिल, भाजपा जिला मंत्री कमलेश सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता पी.जे. शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष किशोर चौहान, तिरुपति एरुल, मोहम्मद इलियास सहित अन्य समाज प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### स्व. रविंद्र देशमुख के जीवन से मिली प्रेरणा

समाज के वरिष्ठ संरक्षक पंजाब राव बारस्कर ने अपने उद्बोधन में स्व. रविंद्र देशमुख जी के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि रविंद्र जी सदैव समाज, नगर और जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। सभी वक्ताओं ने उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक स्मृतियां साझा करते हुए कहा कि उनकी सादगी, मिलनसारिता और सेवाभाव समाज के हर व्यक्ति के हृदय में अमिट हैं।

### सामूहिक मौन श्रद्धांजलि व आभार

अंत में उपस्थित जनसमूह ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज संगठन, सारणी के अध्यक्ष विजय पड़लक ने सभी समाज बंधुओं, संगठनों और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रविंद्र देशमुख जी की स्मृति सदैव समाज के कार्यों में प्रेरणा देती रहेगी।

## सीएमएचओ डॉ. हुरमाड़े ने सिविल अस्पताल आमला का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने 6 अक्टूबर को सिविल अस्पताल आमला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में पाई गई गंभीर अव्यवस्थाओं को देखकर डॉ. हुरमाड़े ने नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में पंजीयन काउंटर पर भारी भीड़ थी, जबकि केवल एक ही कर्मचारी पंजीयन कार्य कर रहा था। इस पर तुरंत एक अन्य कर्मचारी को पंजीयन में लगाया गया। पैथोलॉजी कक्ष में मरीजों की लंबी कतारें लगी हुई थीं और बैठने की कोई व्यवस्था नहीं थी। डॉ. हुरमाड़े के निर्देश पर तत्काल दो बेंच लगाकर मरीजों के बैठने की व्यवस्था करवाई गई। एक्स-रे रूम में ड्यूटी समय में ताला लगा पाया गया। जांच में पता चला कि एक्स-रे टेक्नीशियन दीपिका सूर्यवंशी मुलताई गई थीं। उन्हें तुरंत बुलाया गया और ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। महिला वार्ड के निरीक्षण में पाया गया कि इंडोर पर्चियों पर चिकित्सकों द्वारा नोट्स नहीं भरे जा रहे थे। चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप जयंत को निर्देश दिए गए कि सभी इंडोर पर्चियों पर अनिवार्य रूप से नोट्स दर्ज किए जाएं। सीएमएचओ डॉ. हुरमाड़े ने खंड चिकित्सा अधिकारी आमला डॉ. नरवरे को तीन दिवस के भीतर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दो बच्चों की मृत्यु की सूचना मिलने पर डॉ. हुरमाड़े ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आमला के साथ ग्राम कलमेश्वरा और जामुन बिछुआ का दौरा कर परिजनों से विस्तृत जानकारी ली।

## प्रतिभाओं का किया सम्मान

- बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम
- अध्यक्ष बोले नगर का गौरव बना रहेगा

# धूमधाम से मना सारनी का नगर गौरव दिवस



**सारनी।** सारनी नगर गौरव दिवस 6 अक्टूबर को मंगल भवन में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मनाया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए नगर पालिका द्वारा सम्मानित किया गया। नगरीय क्षेत्र में प्रतिवर्ष 6 अक्टूबर को गौरव दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सारनी ने मगल भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सारनी का गौरव दिवस 6 अक्टूबर को सारनी में प्रथम बार पॉवर प्लांट की स्थापना हुई थी। इसके बाद से देश के नक्शे पर सारनी शहर का नाम आया था। नगर पालिका द्वारा गौरव दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगल भवन में कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया। इस मौके पर रूप में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, जगदीश आहूजा, पार्षद भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, ज्योति नागले, संगीता मनीष घोटे, योगेश बर्डे, शिवकली बबलू नर्रे, गणेश महस्की, गोलू राजपूत, दीपक सिनोटिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम, ग्राम भारती महिला मंडल अध्यक्ष भारती अग्रवाल, परियोजना अधिकारी संगीता धुर्वे की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम, किया पुरस्कृत

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों एवं सहायता करने वाले स्व सहायता समूह की महिलाओं को मंच से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कालीमाई व्यापारी संघ अध्यक्ष रमेश हारोडे, पी.जे. शर्मा, मोहन मोरे, संजीत चौधरी, शगीर कुरैशी, जयश्री डोंगरे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने खोवा बनाने वाली फर्मों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन के मार्गदर्शन में मंगलवार को मुलताई स्थित खोवा बनाने वाली फर्मों का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा दल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दल ने प्रतिष्ठानों में स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया और खाद्य कारोबार कर्ताओं को साफ एवं सुरक्षित मिठाइयों के निर्माण के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कारोबार कर्ताओं को व्यक्तिगत स्वच्छता और प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई बनाए रखने संबंधी हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान जहां कमियां पाई गईं, वहां खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 32(2) के तहत नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान अभिहित अधिकारी शैलेंद्र बडोनिया के मार्गदर्शन में सतत जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, मध्य प्रदेश, भोपाल भेजा जाएगा। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## परिसर में पंच समाज के पांच संतों की पांच प्रतिमाएं लगेंगी

# संजीवनी क्लीनिक के सामने होगा सुंदर परिसर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

इंदिरा गांधी वार्ड में निर्माणाधीन संजीवनी क्लिनिक के सामने स्थित रिक्त भूमि पर पंच समाज के संतों और महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी । नगर पालिका इस स्थल पर सुंदर बगीचे का निर्माण भी करावेगी, जिसका भूमि पूजन आज वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, भाजपा नेता नमन अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। भूमि पूजन अतिथियों ने धार्मिक रीति रिवाज एवं पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ किया। इस अवसर पर भाजपा पार्षद, जनप्रतिनिधि, नगर पालिका कर्मचारी, अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर ने कहां की नगर पालिका संजीवनी परिसर भूमि पर एक सुंदर परिसर विकसित करेगी, जिसमें प्रतिमाओं के साथ बैठक स्थल, बगीचा और शेड का निर्माण भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह स्थल समरसता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनेगा।

### भगवान बुद्ध, महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, मातग ऋषि की लगेगी प्रतिमा

उक्त परिसर में पंच समाज के पांच महान संत-महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इनमें भगवान गौतम बुद्ध, सुफल भगत, महर्षि वाल्मीकि, मातंग ऋषि और संत रविदास महाराज शामिल हैं। इन महापुरुषों ने समाज में समानता, मानवता और करुणा का संदेश दिया था। प्रतिमाओं की स्थापना का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में समाज सुधारकों की शिक्षाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में राजा चंडालिया, पंकज चंडालिया, अर्जुन पिपले, संदीप रगड़े, कुलदीप पहाड़, गणेश बडौदे सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पंच समाज के सदस्यों ने भूमि पूजन के दौरान जयघोष करते हुए संतों की शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लिया।





### 10 दिनों में ठेकेदार को पूर्ण करना होगा होगा संजीवनी क्लीनिक का कार्य

नगर पालिका द्वारा 24 लाख रुपए की लागत से इंदिरा गांधी वार्ड में बनाए जाने वाली संजीवनी क्लिनिक का निर्माण कार्य 1 वर्ष में पूर्ण होना था आज 3 वर्ष पूर्ण होने को है इसके बावजूद भी निर्माण कार्य अधूरा है। निर्माण में लेटलतीफी पर नगर पालिका औपचारिकता निभाने रही इधर ठेकेदार को नोटिस भी जारी करते रहे और उधर समय सीमा भी बढ़ते रही वाल्मीकि जयंती पर संजीवनी क्लिनिक पहुंचे विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर काम पूरा न करने को लेकर नाराजगी जाहिर की। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने 10 दिनों में कार्य पूर्ण करने का कहां है अन्यथा ठोस कार्रवाई करने को कहा है।

### दस दिन में पूर्ण करने के निर्देश

ठेकेदार को संजीवनी क्लीनिक का कार्य 10 दिन में पूर्ण करने का आदेश दिया गया है और 10 दिन में कार्य पूर्ण न होने पर ठेका निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**महेश शर्मा, उपयंत्री नगर पालिका मुलताई**

खबर संक्षेप

## अलग-अलग घटनाओं में घर में फांसी लगाकर दो ने दी जान

**देवास।** सोमवार रात दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान 32 वर्षीय विकास पिता किशोरी लाल, निवासी नई आबादी क्षेत्र, और 19 वर्षीय कन्हैया लाल पिता बाबूलाल के रूप में हुई है। पहली घटना में, विकास ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में, कन्हैया लाल ने भी घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में किया गया, जिसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतकों के परिजन इस संबंध में कोई जानकारी देने से बच रहे हैं।

## चैंपियनशिप में प्रदेश बना पहला उप विजेता

**देवास।** कर्नाटक के कोपल शहर में 26 से 28 सितंबर तक आयोजित तेरहवीं राष्ट्रीय जूनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का आयोजन डिस्ट्रिक इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स & खेलो इंडिया सेंटर में संपन्न हुई। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख और महासचिव अभय श्रीवास ने बताया कि मध्य प्रदेश की टीम टोटल 83 खिलाड़ी जिसमें 41 बालक,43 बालिका और 3 कोच,3 मैनेजर ने भाग लिया। दल में देवास के 16 खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कर जूनियर में प्रतिज्ञा अगीरवाल,आयुष पटेल ने स्वर्ण पदक,मीत प्रजापति ने कांस्य पदक,प्री टीन में ग्रहिता वर्मा ने कांस्य पदक, मैकेन इवेंट्स में नेत्र त्रिपाठी, अनिका त्रिपाठी ने कांस्य पदक जीता, ये सभी खिलाड़ी अपने अपने वजन समूह में खेले। सेनी गांडा इवेंट्स सब जूनियर में विराज श्रीवास,आर क्रिश अन्नामलाई ने स्वर्ण,अर्शी सोमानी, यार्निका वर्मा और जूनियर गांडा इवेंट्स में खुशी कौशल, प्रतिज्ञा अगीरवाल ने कांस्य पदक जीता।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नगर में निकला प्रभावी पथ संचलन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्षः त्याग और तपस्या की अखंड साधना के साथ संघ ने पूरी की सौ वर्ष की यात्रा












जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

बाबा भंवरनाथ की पावन नगरी भौरासा नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस बार दशहरा पर्व का वर्षीय पथ संचलन मंगलवार को नगर की सड़कों पर निकला, जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक अनुशासित बद्ध होकर कदमताल करते हुए घोष वादन और भगवा ध्वज के साथ नगर की सड़कों पर निकले। इसके चलते ऐसा लग रहा था कि पूरा नगर संघमय हो गया हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हर वर्ष दशहरा पर्व पर पथ संचलन नगर में निकाला जाता है लेकिन इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में नगर में मंगलवार 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का प्रभावी व विशाल पथ संचलन निकाला गया। संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया। इसमें हर घर से कम से कम एक व्यक्ति को शामिल किया गया जिसके लिए कई दिनों पूर्व से ही घर-घर जाकर स्वयंसेवक निमंत्रण दे रहे थे। मंगलवार को नगर में निकले पथ संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चे सड़कों पर जुट गए। पथ संचलन मार्ग पर जहां नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया गया वहीं संस्था मातृशक्ति की महिलाओं द्वारा संचलन का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में इस वर्ष पद संचलन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। मंगलवार को नगर के मध्य स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौरासा में सुबह 8:30 बजे से ही स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण प्रारंभ हुआ जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन मुख्य वक्ता के रूप में गोपाल राठौर, पर्यावरण प्रमुख शाजापुर, पंकज पटेल खंड कार्यवाहक टोंक खुर्द निवासी गोरवा एवं हेमंत बंड, नगर कारवाहक उपस्थित थे। मुख्य वक्ता द्वारा कहा गया कि सन 1925 में डॉ हेडगवार ने संघ का मार्ग चुना जिसके बाद धीरे-धीरे कारवां जुड़ता गया जिसका परिणाम देखने को आज मिल रहा है जिसके परिलक्ष्य में आज हम सब शताब्दी वर्ष बना रहे हैं। संघ ऐसी संस्था है जो हर एक को जोड़ने का कार्य करती है और हमें स्वदेशी सामग्री अपनाना चाहिए। संचालन के पूर्व एकत्रीकरण स्थल पर प्रकट कार्यक्रम के अंतर्गत शारीरिक प्रदर्शन व शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात नगर में निकाले गए पथ संचलन में दंड वाहिनी, घोष दल, ध्वज शामिल रहे। संचलन में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते हुए नगर का भ्रमण किया गया। संचलन का नगर में स्थान स्थान पर नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# देवास के खिलाड़ियों ने कराते इंडिया सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कराते इंडिया द्वारा डेली कॉलेज में कराते इंडिया सीनियर राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के तीन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यशस्वी सेन ने स्वर्ण पदक, प्रेरणा राय ने रजत पदक, तथा पारोमिता दास ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ये तीनों खिलाड़ी आगामी एशियन गेम्स सिलेक्शन ट्रायल्स में शिलांग में भाग लेंगे। आयोजित की गई यह प्रतियोगिता पूर्णतः निशुल्क आयोजित की गई थी, साथ ही प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क रेफरी सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसमे अतिरिक्त सचिन परिहार,यश मकवाना, नितिन शर्मा, रघुवीर सिंह चौहान, राज सोनी, कृति बेस, कोमल, अमीषा पटेल, स्वाति पटेल और संजना शर्मा ने ऑफिशियल एग्ज़ाम दी। कार्यक्रम में कराते इंडिया के अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार, उपाध्यक्ष राजेश यादव, तथा सचिव विनय यादव उपस्थित रहे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। यह जानकारी कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के सचिव आतिश माली द्वारा प्रदान की गई।

# परिवहन विभाग ने जिले में 15 दिवसीय विशेष प्रवर्तन अभियान में 6 लाख 85 हजार का टैक्स जमा करवाया और 3 लाख 4 हजार की चालानी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में 22 सितंबर से 05 अक्टूबर तक चलाए गए विशेष प्रवर्तन अभियान में सभी प्रकार के वाहन जैसे - स्लीपर बस, यात्री बस, ओवरलोड डंपर, स्कूल वाहन, बिना हेलमेट दोपहिया चालकों की जांच की गई।

जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के निर्देशन में विशेष जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले एवं जांच टीम द्वारा देवास के सभी प्रमुख मार्गों पर सघन जांच की गई। जांच में बकाया कर वाले वाहनों से सख्ती के साथ टैक्स भरवाया गया। जिसमें कुल 26 वाहनों से 06 लाख 85 हजार 700 रुपये का बकाया वसूला गया, साथ ही आगे से तय समय पर अपने टैक्स को जमा करने की हिदायत दी गई। इसी प्रकार परमिट शर्तों के उल्लंघन करते पाए जाने पर, बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना पीयूसी, ओवरलोडिंग, बिना स्पीड गवर्नर लगे वाहन, बिना पैनिक बटन तथा ओवर यात्री वाले वाहनों पर भी चलानी कार्यवाही की गई, कुल 123 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 03 लाख 04 हजार 100 रुपये की चालानी कार्यवाही करते हुए राजस्व वसूला गया।

आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि विशेष प्रवर्तन अभियान जो 22 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलाया गया था, इस अभियान में सभी वाहनों की जांच की गई, जिन वाहनों में कमी पाई गई, उनसे चालानी कार्यवाही और आगे से कमी को पूरा करने की हिदायत दी गई है, जांच दल द्वारा इस अभियान के बाद भी लगातार वाहनों पर सुधार हेतु जांच जारी रहेगी, सभी से अपील है कि अपने वाहनों के दस्तावेजों की कमी को पूरा करके ही वाहन संचालित करें।

### लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन संपन्न

# क्लब में नेत्र परीक्षण व मधुमेह जांच शिविर किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी द्वारा 2 अक्टूबर से सेवा को आधार मानकर सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियाँ आयोजित की गई। क्लब के अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 2 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रेड क्रॉस ब्लड बैंक, गीता भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। 3 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे गौ सेवा गतिविधि का आयोजन भोलेनाथ मंदिर स्थित गौशाला में किया गया, इसमें गौ माता को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर उसकी सेवा की गई।

लायंस सदस्यों द्वारा परिवार सहित 5 अक्टूबर को स्थानीय वृद्धाश्रम में सभी वृद्धो को फल वितरित किए एवं 101 वर्षीय वृद्ध माताजी सौरम बाई चौधरी का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके साथ ही निराश्रित बुजुर्गों के मन के भाव जानने की कोशिश की गई एवं उनके साथ क्लब के सदस्यों द्वारा समय व्यतीत किया गया। 6 अक्टूबर को दिव्यांग सहायतार्थ मूकबधिर बच्चों के छात्रावास में दिव्यांग बच्चों को विभिन्न शैक्षणिक सामग्री भेंट की। उक्त कार्यक्रम मे मुक-बधिर बच्चों के द्वारा सांकेतिक भाषा में क्लब के सभी सदस्यों का स्वागत किया। 7 अक्टूबर को वरिष्ठ नागरिकों हेतु नेत्र परीक्षण एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर स्थित वरिष्ठ नागरिक संस्था के कार्यालय में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 72 वरिष्ठ नागरिकों का डॉ. आर.के. सक्सैना, डॉ. आर.सी. मुंदडा, लायन डॉ. के. के. धूत, लायन डॉ. प्रकाश गर्ग, लायन डॉ. एम. बी. अग्रवाल, लायन डॉ. योगेश वालींबे द्वारा जांच कर नेत्र एवं मधुमेह रोग के लक्षण बताकर सावधानियां के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश पाराशर जी एवं उनकी टीम का भी विशेष सहयोग रहा। उक्त सेवा सप्ताह के आयोजन के दौरान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल, सचिव लायन भगवान गोयल, कोषाध्यक्ष लायन अनिल नागर, एमजेएफ लायन औसाफ कुरैशी, लायन एम.के. नागर, लायन आर. सी. पालीवाल, एमजेएफ लायन डॉक्टर के. के. धूत, लायन डॉक्टर आर. सी. शर्मा, लायन डॉक्टर योगेश वालिम्बे, लायन डॉ. एम. बी. अग्रवाल, लायन डॉ प्रकाश गर्ग, लायन मांगीलाल अग्रवाल, लायन एम. एल. डाबी, लायन ओमप्रकाश बंसल, लायन डॉ. जसमत सिंह यादव, लायन दिनेश भूतड़ा, लायन प्रमोद गुप्ता, लायन अशोक जोशी, लायन सुरेश परवाल, लायन राधेश्याम सोनी, लायन अरुणा सोनी, लायन सलमा कुरैशी आदि उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर दो प्रकरण किए दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त देवास ब में गस्त के दौरान एक बिना नंबर की एक्टिवा की डिक्की में 50 पाव देशी मदिरा प्लेन का परिवहन करते हुए विकास निवासी गीताभवन देवास को पकड़ा गया तथा एक अन्य व्यक्ति से 20 पाव देशी मदिरा,07 केन बियर एवं 5 पाव विदेशी मदिरा जप्त की कार्यवाही में दो प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिया गए। जब्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग रुपए 77000 है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक, प्रेम यादव, आबकारी आरक्षक आशीष, निकिता परमार सैनिक किशोर सिसोदिया, अनिल अकोडिया सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### ऊंचाई से गिरे युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई मौत

**हरदा।** देवास जिले के नेमावर जैन मंदिर में काम कर रहे एक मजदूर की मंगलवार दोपहर ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए देवास जिले के ग्राम बिच्छाखेड़ी नवाड़ा निवासी भजन पिता लखन धुर्वे अन्य मजदूरों के साथ जैन मंदिर के गुंबद में पुताई का काम कर रहा था। दोपहर करीब 12 बजे पुताई के लिए लगी सेटिंग से उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने से भजन लगभग 40 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। इस हादसे में उसके सिर और नाक में गंभीर चोटें आईंए जिससे वह अचेत हो गया। मंदिर के कर्मचारियों और अन्य मजदूरों ने उसे तत्काल उपचार के लिए हरदा जिला अस्पताल पहुंचायाए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### मीडिया वर्कशॉप का आयोजन आज

**हरदा।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संण्सं वृत्त हरदा द्वारा मीडिया कर्मियों एवं पत्रकारों हेतु श्मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्कशॉप 8 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत हरदा के सभागार में आयोजित होगी। वर्कशॉप में कंपनी मुख्यालय भोपाल से महाप्रबंधक स्मार्ट मीटर सेल सीण्केण पवारए वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस वर्कशॉप में स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को होने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी।

### नेमा समाज ने सादगी पूर्वक मनाई जयंती



**हरदा।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर नेमा समाज के प्रवर्तक और इक्ष्वाकु वंश के प्रतापी महाराज निमि की जयंती का आयोजन नेमा समाज के बंधुओं द्वारा हरदा के वृद्ध जनों के बीच किया गया। आयोजन नेमा दर्पण फाउंडेशन की महिला जिला इकाई द्वारा किया गया। इसमें वृद्ध जनों को फल वितरण किए।

## पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर आयोजित हुआ शिविर, कई मरीजों ने लिया लाभ

# 2 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 6771 मरीजों का परीक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। सनफ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित शिविर में 6 हजार 771 मरीजों का स्वास्थय परीक्षण किया गया। यह शिविर आरण्पीण फाउंडेशन एवं पीपुल्स ग्रुप के वाइस चेयरमैन एवं फाउंडेशन के संस्थापक रोहित पंडित के नेतृत्व में आयोजित किया गया। आर पी फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाना है।

शिविर का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और सेवा की पहुँच सुनिश्चित करना है। यह पहल जनसेवा और सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस दौरान दो दिवसीय शिविर में कुल 6771 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस दौरान 400 से अधिक ईसीजीए 200 से अधिक सोनोग्राफीए 700 से अधिक आरण्बीण्एसण्ए 500 से अधिक डिजिटल एक्स.रेए एवं 3000 से अधिक रक्त जांचें की गईं। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईंए जबकि लगभग 300 गंभीर मरीजों को उन्नत उपचार के लिए भोपाल ले जाने हेतु चिन्हित किया गया। साथ ही 50 से अधिक समाजसेवियों ने रक्तदान कर जनसेवा की मिसाल पेश की। कार्यकारी निदेशक अंकित द्विवेदी ने बताया कि आर पी फाउंडेशन की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जन सेवा कार्ड उपलब्ध है।

इसके माध्यम से नागरिकों को शिक्षाए स्वास्थ्यए रोजगार और सामाजिक सहायता से जुड़ी सुविधाएँ प्राथमिकता के साथ प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर कमल पटेलए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिलए विधायक मंजू दादूए आरण्पीण फाउंडेशन के अनिरुद्ध पंडितए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्माए एवं अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान के बाड़े से 10 क्विंटल से ज्यादा सोयाबीन चोरी

# छैगांवमाखन क्षेत्र में हुई वारदात, दरवाजे का नकूचा कटर मशीन से काटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

छैगांवमाखन क्षेत्र में एक किसान के बाड़े से 10 क्विंटल से अधिक सोयाबीन चोरी हो गई। इंदौर हाईवे पर ब्रिज के पास स्थित खेत में यह वारदात हुई है। खेत मालिक प्रदीप पिता हरेसिंह तंवर ने बताया कि दो दिन पहले ही उन्होंने थ्रेसर बुलवाकर सोयाबीन की फसल निकलवाई थी। फसल में नमी होने के कारण उन्होंने उसे दिनभर धूप में सुखाया और रविवार शाम को बोरियों में भरकर कमरे में रख दिया था। किसान के अनुसार, कमरे पर ताला लगाया गया था, लेकिन जब अगले दिन वह खेत पहुंचे तो कमरे के ताले टूटे हुए मिले। करीब 20 बोरियों में रखी 10 क्विंटल से ज्यादा सोयाबीन गायब थी।

बदमाशों ने दरवाजे के नकूचे को कटर मशीन से काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्रदीप ने बताया कि वह भावांतर योजना के तहत पंजीयन कराने वाले थे, ताकि खरीदी शुरू होने के बाद उचित मूल्य मिल सके। लेकिन फसल बेचने से पहले ही चोर पूरी उपज ले गए। उन्होंने पुलिस से शिकायत दर्ज कराकर जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

# ग्रामीण परिवेश को समझने हरदा पहुंचे आईआईएम इंदौर के छात्र-छात्राएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) इंदौर के छात्र-छात्राएं सोमवार से 10 अक्टूबर तक हरदा जिले के ग्रामीण परिवेश में रहकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को समझेंगे। इस दौरान छात्र छात्राएं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग में संचालित आजीविका मिशन योजना में लखपति दीदी से संपर्कए स्व सहायता समूहए संकुल स्तरीय संगठन की प्रबंधन प्रक्रियाए आजीविका गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे। इसके अलावा स्व सहायता समूहए सीएलएफ की दीदियों संवाद करने का अवसर मिलेगाए जिससे ग्रामीण जीवन की वास्तविक चुनौतियों और संभावनाओं को समझने में मदद मिलेगी। आईआईएम इंदौर के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के अनुभवात्मक भ्रमण छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण कुमार इवने ने सोमवार को जिला पंचायत सभागार में सभी से चर्चाकर जिले में चल रही ग्रामीण विकास विभाग की योजनाएं एसमूह द्वारा की जा रही गतिविधियो की जानकारी दी। इस दौरान 24 छात्र ए छात्राओं के चार दल बना कर हरदा विकास खंड की ग्राम पंचायत हंडियाए खिरकिया के चिकलपाटए छुरीखाल एवं टिमरनी के रायबोर ग्राम में भ्रमण हेतु रवाना किया।

### भावांतर योजना का विरोध, गांव गांव पहुंच रहा किसान यूनियन

**हरदा।** जिले में आम किसान यूनियन अपनी मांगों को लेकर पंचायत स्तर पर प्रदर्शन कर रहा है। मंगलवार को यूनियन ने गोगियाए घोड़ाकुंडए बिचकुड़ीए गांगखेड़ीए रिजगांव और नांद्रा ग्राम पंचायतों में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली और सरपंच व सचिव को ज्ञापन सौंपे। किसानों ने भावांतर योजना को छलावा बताते हुए इसे तुरंत बंद करने की मांग की। उनका कहना है कि इस योजना से केवल व्यापारियों और बिचौलियों को लाभ मिल रहा है। नाँदरा के किसान अरुण पुनिया और पवन गोरा ने सवाल उठाया कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य ;डैच्द्ध घोषित होने के बावजूद किसानों को यह क्यों नहीं मिल रहा है। किसानों की मांग है कि अतिवृष्टिए कीट और वायरस से नष्ट हुई सोयाबीन और मक्का की फसलों के लिए तत्काल राहत राशि दी जाए। पारदर्शी सर्वे के माध्यम से किसानों को बीमा का उचित लाभ दिलाए। किसानें ने चेतावनी दी कि सरकार उनके हित में निर्णय नहीं लेती है तो जल्द ही भोपाल को जाम किया जाएगा। आम किसान यूनियन अब तक 30 ग्राम पंचायतों में ट्रैक्टर रैली और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित कर चुका है। आने वाले दिनों में जिले की सभी पंचायतों में यह अभियान जारी रहेगा। इस दौरान जुगल पटेलए आनंद पटेलए गणेश पटेलए किरण पटेलए धर्मेंद्र पटेलए लक्ष्मीनारायण सेवरए संतोष कांठियाए दीपक सिलगावा व अशोक माटे सहित कई किसान उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने खंडवा में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

'वोट चोर गद्दी छोड़' नारे के साथ खंडवा जिला कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर दी है। गांधी भवन में आयोजित बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 15 अक्टूबर तक जिलेभर से एक लाख नागरिकों के हस्ताक्षर जुटाने का संकल्प लिया।

इसका उद्देश्य कथित वोट चोरी और मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम गायब होने के गंभीर मुद्दे पर जनता का ध्यान आकर्षित करना है। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम पालसिंह ने कहा कि यह अभियान केवल खंडवा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में चल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम उन ताकतों को बेनकाब करें जो लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। हर एक वोट कीमती है, और हम किसी को भी इसे चुराने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि खंडवा जिले के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगे व निर्धारित समय सीमा में एक लाख हस्ताक्षर जुटाने लक्ष्य पूरा करेंगे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की एक निर्णायक पहल है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर नागरिक का वोट सुरक्षित रहे। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर एक निगरानी टीम का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन की गतिविधियों पर नजर रखेगी। कांग्रेस ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाने की योजना बनाई है।

कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को इस मुद्दे के प्रति जागरूक करेंगे और उनसे हस्ताक्षर करवाएंगे। एकत्र किए गए हस्ताक्षरों को एक सशक्त जनादेश के रूप में राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील आर्य, नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर, अजीज मदनी, विकास व्यास, चैनसिंह वर्मा, आसिम पटेल, मेहमूद खान, प्रेमांशु जैन, शहजाद पंवार, पार्षद शब्बीर कादरी, तरिक पटेल, असलम गौरी, सागर पवार, मोइज खान, मनोज मंडलोई, अहमद पटेल आदि लोग मौजूद थे।

# नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन करने से होगा राष्ट्र का कल्याण : प्रशांत




**खिरकिया।** संघ शताब्दी वर्ष 1925.2025 के उपलक्ष्य में देशभर में पूरे उत्साह से पथ संचलन निकाले जा रहे हैं। इन पथ संचलनो में स्वयंसेवक बढ़कर कर सहभागी हो रहे हैं और बड़ी संख्या में नवीन स्वयंसेवक बन रहे हैं।

इसी क्रम में खिरकिया खंड के चौकड़ी में भी भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें चौकड़ीए कुड़ावाए लोध्याखेड़ीए पाहनपाटए धनबाद के स्वयंसेवक सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हरदा जिला प्रचारक प्रशांत मालवीय ने कहा कि हिंदू समाज की संगठित शक्ति ही से ही इस देश की सारी समस्याओं का समाधान होगा। गत 100 वर्षों में संघ ने हिंदू समाज की चेतना को जगाकर भारत में कई कार्य किए श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माणए श्री रामरक्षा सेतु आंदोलनए गोवा मुक्ति आंदोलनए भारत पाक चीन युद्ध के समय आंतरिक व्यवस्थाओं में सहयोगए कोरोना कालएप्राकृतिक आपदाओं के समय सहयोग अनेक कार्य किए।

यह देश भगवान श्रीराम का देश है जहां बड़े भाई को वनवास होने पर छोटे भाई ने उनकी खड़ाऊ की सेवा की। हमने शक्ति की उपेक्षा की इसीलिए जिसे हम भारत माता कहते हैं उसका विभाजन हुआए हिंगलाज माता का कराची हमसे अलग हुआ ए ढाकेश्वरी देवी का ढाका अलग हुआ लेकिन यह विभाजन स्थाई नहीं है। शीघ्र एक दिन भारत पुनः अखंडित होगा।

उन्होंने कहा कि शून्य का आविष्कार भारत में हुआ लेकिन स्व का बोध न होने के कारण हमने जीरो स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि मंदिरए पानी और श्मशान घाट सभी के एक समान होना चाहिए। वृक्ष लगानाए जल बचानाए और प्लास्टिक हटाना ए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना एअपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करना यही राष्ट्रभक्ति है हम सभी को मिलकर इसी भाव को जन जन में जागृत करना है। पथ संचलन में लगभग 300 स्वयंसेवक सम्मिलित रहे।

# गोग्रास रथ का शुभारंमः रहटगांव और नजरपुरा से एकत्रित किया गया गोग्रास



**रहटगांव।** कामधेनु गौशाला धनपाडा की गौमाताओं के लिए रहटगांव एवं नजरपुरा से गोग्रास एकत्रित किया गया। गोग्रास रथ का शुभारंम मंगलवार सुबह 10 बजे गौशाला प्रांगण धनपाडा से स्वर्गीय जगदीश प्रसाद गौर; पूर्व सरपंच की स्मृति में उनके परिवार द्वारा किया गया। जिसका शुभारंभ गौशाला धनपाडा में गायत्री परिवार एवं गौशाला समिति और ग्रामीण जन की मौजूदगी में किया गया।

इस दौरान जगदीश गौर के तीनों पुत्र प्रहलाद गौरए आदेश गौरएविजय गौर एवं परिवार जन भी मौजूद थे। इस दौरान बताया गया की उक्त बाहन गौशाला को गौ ग्रास संचय हेतु दिया है। नगर के युवा इसको चलाने का कार्य करायेंगे। जानकारी के मुताबिक इसका उपयोग लोगों के घरों से गौ माता के लिए भोजन ;गौ ग्रासद्ध एकत्र करने के लिए किया जाता है। जिससे उस भोजन को गौशालाओं में पलने वाली गायों को खिलाया जा सके और गौ सेवा को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही क्षेत्र के धार्मिक आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए भी बाहन निःशुल्क रहेगा।

इस दौरान गौ ग्रास वाहन का उद्देश्यरू वाहन के माध्यम से गौ माता के लिए चारे और भोजन को घर.घर जाकर एकत्र किया जाता है। जिससे गौ सेवा के कार्य में सहायता मिलती है।

# कलेक्टर ने पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के लिए समीक्षा की



**खंडवा।** आगामी 12 अक्टूबर को जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई जाएगी। अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने की। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉक और सेक्टर स्तर पर एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। साथ ही अभियान की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा ताकि अधिक से अधिक बच्चे पोलियो की दवा पी सकें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओपी जुगतावत ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 81 हजार 249 बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

इसके लिए 1465 पोलियो बूथ बनाए गए हैं और 2900 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अभियान की मॉनिटरिंग के लिए 146 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों और वनग्रामों में विशेष दलों के माध्यम से बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। 12 अक्टूबर को सभी पोलियो बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, जबकि 13 और 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाई जाएगी जो किसी कारणवश बूथ पर नहीं पहुंच सके थे।

## सुबह 5 बजे तक चला अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन, दर्शकों की तालियों से गूंजा सारा पांडाल

# मैं हरदा के विकास के लिए कृत संकल्पित हूं : कमल पटेल





**हरदा।** पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के जन्मदिन के अवसर पर मीडिल स्कूल ग्राउण्ड पर ऐतिहासिक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह कवि सम्मेलन का 20 वॉ वर्ष था। इस अवसर पर मीडिल स्कूल ग्राउण्ड काव्य प्रेमियों से खचाखचा भरा हुआ था। अपने जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि हमको एक रहना हैए अलग.अलग जाति और समाज में नहीं बंटना है। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। उन्होने पांच कार्य अपने जीवन में उतारने का श्रोताओं से अनुरोध किया।

कमल पटेल ने कहा कि आज के हुए ऐतिहासिक स्वागत पर आप लोगों ने जो प्यार और मान सम्मान दिया है उससे मैं अभिभूत हॅू। मैं हरदा क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित हॅू। हरदा देष में प्रथम स्थान पर आये यह मेरा संकल्प है। कवि सम्मेलन की शुरूआत सुप्रसिद्ध कवियत्री डॉण भुवन मोहनी द्वारा मॉ सरस्वती की वंदना से हुआ। कवि सम्मेलन का सफल संचालन शषिकांत यादव ने किया। कवि सम्मेलन में प्रथम कवि के रूप में हास्य कवि धीरज शर्मा ने हास्य व्यंग्य की फुलझड़ियों से लोगों को खुब हंसाया। इसके पश्चात पूणे से पधारी आईटी की प्रोफेसर श्रंगार रस की कवियत्री निधि गुप्ता ने अपनी कविता ष्तुमने तो मुझको प्यार में पागल बना दियाष्। इसके बाद वीर रस के कवि अपूर्व विक्रम शाह ने ष्रावण नहीं हम पलने देंगेए साधुओं के वेष में और अफजल नहीं पनप सकते हैं अब्दुल कलाम के देष मेंष् इस गीत पर तालियों की गड़गड़ाहट से पुरा ग्राउण्ड गुंजा दिया। हास्य के कवि दिनेष देषी घी ने लगभग एक घंटे तक अपनी पेरोडी एवं हास्य रस से श्रोताओं को खूब हंसाया। सारे जग में मोदी जी तूने देष का ऊंचा नाम कियाए सरकार कई आई और गई पर काम न कोई कर कर पायाए छप्पन इंची सीने ने घाटी में तिरंगा फहरायाष् । देष की सुप्रसिद्ध श्रंगार रस की कवियत्री डॉण भुवन मोहनी एवं संचालक शषिकांत यादव के बीच की नोक झोक को श्रोताओं ने खूब सराहा। डॉण भुवन मोहनी का सुप्रसिद्ध गीत ष्हो गई हो गई रे बावरिया एवं ऊपर था महुआ नीचे कुऑ पानी पीकर यह क्या हुआष् गीतों पर श्रोताओं ने खूब तालियॉ बजाई। हास्य के जादूगर जानी बैरागी जैसे ही अपना काव्य पाठ पढ़ने के लिए खड़े हुए उपस्थित काव्य प्रेमियों ने तालियॉ बजाकर स्वागत किया। उन्होने अपने हास्य से उपस्थित श्रोताओं को हंसा हंसाकर लोट पोट कर दिया। अंत में आभार कमल सांस्कृति मंच के अध्यक्ष संदीप पटेल ने माना। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेष सिंह वर्माए जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाहए नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेड़ियाए जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्षन सिंह गहलोदए संतोष पारीकए संयोजक देवीसिंह सांखला एवं संजय अग्रवाल उपस्थित थे।